दिनांक : 06.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड में ट्रेक और बाइक रैली को करेंगे रवाना, हर्सिल में जनसभा को भी करेंगे संबोधित।
- प्रदेशभर में पुलिस आज से निजी वाहनों में हूटर, फ्लैश लाइट, वीआईपी स्टीकर और गलत नंबर प्लेट के खिलाफ चलाएगी मुहिम।
- उत्तर भारत से आ रही हवाओं की वजह से प्रदेश में घुली ठंडक।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड फाइनल में, नौ मार्च को भारत से होगा मुकाबला।

प्रधानमंत्री-उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज उत्तराखंड जाएंगे। वे मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास का दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। श्री मोदी ट्रेक और बाइक रैली को रवाना करेंगे तथा हर्सिल में जनसभा को संबोधित करेंगे।

उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। हजारों श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ मंदिरों के देवी-देवताओं के शीतकालीन प्रवास स्थलों के दर्शन कर चुके हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था के साथ ही गृह प्रवास पर्यटन व्यापार में तेजी लाना है।

पुलिस अभियान

प्रदेशभर में पुलिस आज से निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लैश लाइट, वीआईपी स्टीकर और गलत नंबर प्लेट के खिलाफ मुहिम शुरू कर रही है। इस संबंध में डीआईजी पीटीआरआई तुषारकांत विद्यार्थी ने निर्देश जारी किए हैं। सभी एसपी और भोपाल-इंदौर पुलिस कमिश्नरों को भेजे गए इन निर्देशों में अगले 15 दिन तक ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

मांडविया-वेबिनार

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 24 दशमलव चार प्रतिशत से दोगुना होकर 48 दशमलव आठ प्रतिशत हो गया है। बजट के बाद 'लोगों में निवेश' के विषय पर आयोजित वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि 2014-24 के बीच 17 दशमलव एक करोड़ नौकरियां सृजित की गईं, जिनमें पिछले वर्ष ही चार दशमलव छह करोड़ नौकरियां शामिल हैं। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप का भी उल्लेख किया। श्री मांडविया ने कहा कि लोगों में निवेश करना केवल एक आर्थिक निर्णय ही नहीं है, बल्कि एक शिक्षित, स्वस्थ और सशक्त समाज के लिए सामाजिक, नैतिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता भी है।

धार बैठक

धार महू सांसद और महिला एवं बाल विकास विभाग राज्यमंत्री श्रीमति सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कल जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक के बाद आकाशवाणी से चर्चा करते हुए श्रीमती ठाकुर ने बताया कि भारत सरकार की योजनाएं जो चलाई जा रही है सांसद उसका अध्यक्ष होता है और हर 3 महीने में दिशा की बैठक होती है।

बाइट -श्रीमती सावित्री ठाकुर ,केंद्रीय राज्य मंत्री

पराली रोक

भोपाल जिला प्रशासन ने संपूर्ण जिले में पराली जलाने पर रोक लगा दी हैं। एडीएम सिद्धार्थ जैन द्वारा जारी किए गए आदेश में आगामी तीन महीने के लिए पूरे जिले में पराली जलाने पर रोक रहेगी। आदेश के बावजूद भी अगर कोई पराली जलाते हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई जाएगी। एडीएम का आदेश 25 मई तक प्रभावशील रहेगा।

वित्त आयोग

राज्य के ग्रामीण, स्थानीय निकाय, नगरीय स्थानीय निकाय और राजनीतिक दलों के विभिन्न प्रतिनिधियों की 16वें केंद्रीय वित्त आयोग के साथ बैठक हुई। बैठक में वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्यों ने सभी से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार और सुझाव भी रखे। बैठक में इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सतना के महापौर योगेश ताम्रकार, खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता यादव तथा भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय एवं 11 अन्य नगर पालिका तथा नगर परिषद के अध्यक्ष उपस्थित हुए। बाद में, 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी भेंट की।

मौसम

उत्तर भारत से आ रही हवाओं की वजह से प्रदेश में रात के साथ दिन में भी ठंडक घुल गई है। इससे कई शहरों में पारा लुढ़क गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के पास सक्रिय है। टर्फ भी गुजर रहा है। इस वजह से हवा चल रही है और पारे में गिरावट देखने को मिल रही है। आज भी दिन-रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। भोपाल में कल 4 दशमलव 7 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 26 दशमलव 9 डिग्री पर आ गया। इंदौर में 28 दशमलव 4 डिग्री, ग्वालियर में 27 दशमलव 9 डिग्री, और जबलपुर में तापमान 27 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेल-2025

दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेलों का आयोजन 20 से 27 मार्च को नई दिल्ली में होगा। युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसकी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडियों से और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित करीब एक हजार 230 पैरा खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इनमें से कई पैरा एथलीट 2024 पेरिस पैरालंपिक और चीन के हांगचाउ में 2022 एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता हैं।

क्रिकेट-चैंपियंस ट्राफी

आईसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट में फाइनल में नौ मार्च को दुबई में न्यूजीलैंड का मुकाबला भारत से होगा। न्यूजीलैंड ने कल रात लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । न्यूजीलैंड के तीन सौ 63 रन के लक्ष्य के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 312 रन ही बना पाई। भारत ने दुबई में मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकार फाइनल में जगह बनाई थी।

समाचार संक्षेप में .....

- शाजापुर के छात्रों को अब पीएचडी के लिए उज्जैन जैसे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस ठञ्ज्ञैछ कॉलेज में वाणिज्य और हिंदी विषय के शोध केंद्र स्थापित होने जा रहे हैं।
- शिवपुरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आज गांधी पार्क में आयोजित किया गया है।
- विदिशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दस्तक अभियान में लापरवाही पर विदिशा, ग्यारसपुर, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी और नटेरन विकासखंड के अर्बन नोडल अधिकारी और समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों को चेतावनी पत्र दिया है।
- मंदसौर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनते हुए टीबी मरीजों के लिए 101 फ़ूड बास्केट प्रदान किए गए।
- रतलाम में क़ानून सलाहकार सुनील शर्मा एवं दीपक बिल्वाल द्वारा महिलाओं के केन्द्रीय कानून, भारतीय न्याय संहिता में महिला केन्द्रित प्रावधानों पर जागरूकता सत्र एवं पीसी पीएनडीटी एक्ट के प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।
- रायसेन में कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय से अनुपस्थित नहीं रहने के निर्देश दिए हैं।
- राजगढ में आगामी दिनों में जिले में त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।
- खंडवा में आज रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन स्थान आई.टी.आई में 11 बजे से 4 बजे तक किया जा रहा है।

- सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने टीकमगढ़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी को थाना प्रभारी के साथ अभद्र व्यवहार के आरोप में निलंबित कर दिया है।
- मुरैना के ऐंती पर्वत स्थित शनि मंदिर पर शनिचरी अमावस्या के दिन 28 एवं 29 मार्च को मेले का आयोजन होगा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने  की उम्मीद है।
- भोपाल के करोंद स्थित नबी बाग की एक फर्नीचर दुकान में कल रात आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा फर्नीचर और रॉ मैटेरियल जलकर राख हो गया।

-------